## सार-समाचार

### छात्राओं ने जीते पदक

**तारानगर, (निसं)।** बाड़मेर के चौहाटन में आयोजित हुई 8 दिवसीय 68वीं राज्य स्तरीय स्कूल वुशू प्रतियोगिता में तारानगर के शाह सतनाम जी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वर्ण पदक सहित रजत, कास्य पदक जीतकर फिर बाजी मारी है। विद्यालय में पहुँचने पर विद्यालय स्टाफ व बच्चों ने सभी विजेता खिलाड़ियों का माला पहनाकर व पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। प्रिंसिपल भारती इंसा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की व भविष्य में ऐसे ही प्रगति के पथ पर बढ़ते रहने को कहा। भारती इंसा ने इन सबका श्रेय पूज्य गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा, कोच चिंकित शर्मा व बच्चों की कड़ी मेहनत को बताया जिनकी बदौलत आज बच्चे मेडल पर मेडल जीतकर ला रहे है। चूरू वुशू संघ सचिव चिंकित शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में यशिका ने 52 किलो में स्वर्ण पदक, टीना 56 किलो में रजत पदक, हिमानी ने 36 किलो में कास्य पदक जीतकर राज्य स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है इसी प्रकार तनवी और रचना ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। शर्मा ने बताया कि ये सब खिलाड़ियों ने 17 वर्षीय, एकता ने 19 वर्षीय में भाग लिया। इस मौके पर रेखा, रीना, प्रवीण, अमन, सरला खंडेलवाल, रवी खंडेलवाल, अलका, सोनिका, कांता, कौशल्या रानी, सरोज, अदिति, मुस्कान, प्रभजोत, कर्मजीत, कोमल, बिया, कर्मजीत सुनिता, पिंकल, विरपाल, सोनू, समेष्टा, सहित विद्यालय स्टाफ व स्कूल के बच्चों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**तारानगर, (निसं)।** डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के पूजनीय पिता बापू नंबरदार मग्घर सिंह जी की पावन स्मृति में रविवार को सिरसा के शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल स्थित बापू मग्घर सिंह जी इंटरनेशनल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया गया।। जिसका शुभारंभ पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने ऑनलाइन रिबन जोड़कर किया। इस दौरान पूज्य गुरु जी ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं, अस्पताल व ब्लड सेंटर के चिकित्सकों व स्टाफ सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया। रक्तदान को लेकर डेरा सच्चा सौदा के रक्तदानियों में खासा उत्साह देखा गया तथा रक्तदान करने को लेकर ब्लड सेंटर के बाहर दिनभर रक्तदानियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। वहीं महिला व पुरुषों रक्तदाताओं के लिए ब्लड सेंटर में अलग-अलग व्यवस्था बनाई गई थी। रक्तदान करने के पश्चात सभी रक्तदाताओं को ब्लड सेंटर की ओर से रिफ्रेशमेंट, मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया।

### गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** नई सब्जी मंडी में अखिल विश्व गायत्री परिवार की उदयपुरवाटी शाखा के तत्वाधान एवं बजरंग लाल सोनी आचार्यत्व में तथा मेघराज दायमा व उम्मेद देवी के मुख्य यजमानत्व में गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित नागरिकों ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ लोक शांति एवं देश की खुशहाली के लिए यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। इस यज्ञ कार्यक्रम के समापन के बाद निर्धन व अभावठास्त विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क चाणक्य लाइब्रेरी का भी फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस लाइब्रेरी के संस्थापक वरिष्ठ अध्यापक अशोक दायमा ने कहा कि 22 सीटों के साथ सीसीटीवी कैमरे एवं वाईफाई सुविधा से लैस लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं के लिए बैठने की अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही कक्षा 8, 10, 12 के अभावठास्त विद्यार्थियों को अंठोजी विषय में निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके सुनीता बहन ने कहा कि विद्यादान श्रेष्ठ दान है, जो मानव जीवन के लिए सर्वोत्तम है। उन्होंने तनाव रहित, स्वस्थ, आनंद एवं खुशनुमा जीवन के तरीके सुझाए। रामनारायण दास त्यागी महाराज ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नर सेवा को नारायण सेवा बताया। एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि निःशुल्क लाइब्रेरी की सुविधा से गरीब एवं अभावठास्त परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ने में ताकत मिलेगी। इस यज्ञ में खानेश्वर धाम के शंकरदास महाराज, शिवराज जत्ती महाराज लक्ष्मणगढ़, बद्रीप्रसाद तंवर, गौ सेवा समिति अध्यक्ष अमित जांगिड़, गौ सेवक सुनील सैनी, सोरन दायमा, नृत्या सहित कई लोग शामिल हुए।

### धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ

**रतनगढ़, (निसं)** श्री संपत शक्ति माता प्रचार समिति के तत्वावधान में श्री संपत शक्ति माता के प्राकटय की 60वीं पुण्यतिथि पर तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ रविवार को पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मंदिर पुजारी दीपक व दीनदयाल के सानिध्य में मां की ज्योत लेकर पूजा-अर्चना की गई तथा रविवार की दोपहर मंगल पाठ का आयोजन हुआ। गायक कलाकार सोनम एवं रविश सोनी ने संगीतमय मंगल पाठ की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंगल पाठ पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसका संपादन जयपुर निवासी दिनेश सोनी ने किया है। पुस्तक का विमोचन पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषकुमार इंदौरिया, सुशील सुरेका, गिरधारीलाल बाजोरिया, बिशनदयाल गौरीसरिया ने किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

### गुमशुदा महिला का नहीं लगा सुराग

**पाटन, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर 5 निवासी पेप सिंह उर्फ मान सिंह पुत्र स्वर्गीय किशन सिंह की पत्नी राधिका जो 9 सितंबर को अपने घर से स्कुल जाने का नाम लेकर निकली थी तथा वापस घर नहीं पहुंचने पर राधिका के पति पेप सिंह उर्फ मान सिंह ने पाटन थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी, 28 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस उसका सुराग नहीं लगा पाई। पीड़ित पति पेप सिंह उर्फ मान सिंह का कहना है पुलिस ने मुझे जब जब थाने में बुलाया तब तब मैं गया और उन्होंने मेरे से जो भी जानकारी मांगी मैंने उनको दी, उसके बावजूद भी पुलिस इतने बड़े प्रकरण को डंडे बस्ते में डाल रखा है। अगर यह प्रकरण किसी अप्रोच वाले या नेता के परिजनों के साथ होती तो पुलिस सब कुछ करती, परन्तु हमारी पहुंच नहीं होने के कारण हमारे साथ ऐसा हो रहा है। 09 सितंबर को राधिका स्कुल का नाम लेकर घर से निकली थी जब वह शाम तक वापस घर नहीं पहुंची तो हमने उसकी तलाश शुरू की। राधिका की लोकेशन स्यालोदडा की निकली बाद में वह हरियाणा बस में बैठ कर नारनौल के लिए निकल गई। सीसीटीवी फूटेज में स्पष्ट दिखाई दे रही थी तथा उसी दिन हमने पाटन थाने में शक के दायरे में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, परन्तु पाटन पुलिस 28 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा पाई, जबकि पुलिस चाहे तो सब कुछ कर सकती है। इसको पुलिस की सक्रियता कहें या निष्क्रियता? परंतु इतना जरूर है पाटन में पुलिस के प्रति सवालिया निशान लगे हुए हैं।

### शिविर में 182 मरीज लाभांवित

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना सर्व समाज व ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को संकल्प परिसर खेतड़ी मोड पर यहां आयोजन के क्रमानुसार सम्पन्न इस 51वें सुपर स्पेशियलिटी जांच व परामर्श शिविर में डॉ.जुगल शर्मा हृदय रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.कुलदीप शर्मा मूत्र-पथरी-प्रोस्टेट रोग विशेषज्ञ ने 182मरीजों की जांच परामर्श कर उन्हें लाभांवित किया। अध्यक्ष प्रो. भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि शिविर मे एडवोकेट गोपाल शर्मा, एडवोकेट देशबंधु शर्मा,गोरीदत्त शर्मा, राधेश्याम शर्मा, रणजीत कुमावत,पूरण शर्मा,रमेश शर्मा, मुकेश अजमेर,राजेंद्र पंच, उमराव गूर्जर, ऊषा शर्मा सहित अनेक संभ्रांत लोग सेवार्थ उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में श्री गांधी बाल निकेतन प्रथम

**रतनगढ़, (निसं)** भारत विकास परिषद्, शाखा-रतनगढ़ द्वारा स्थानीय श्री गांधी बाल निकेतन में शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर की अध्यक्षता में संपन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भामाशाह गोविंद प्रसाद सोनी, प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, संरक्षक मदनलाल कम्मा, शिक्षाविद् ओमप्रकाश सांखोलिया, जिला सह समन्वयक वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। शाखा सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया।

इस अवसर पर प्रकल्प प्रभारी राकेश नायक ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में रतनगढ़ व राजलदेसर के विभिन्न विद्यालयों की 11 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर श्री गांधी बाल निकेतन रतनगढ़, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से श्री संचियालाल बैद मा आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ व श्री चिरंजीलाल धानुका उ मा आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ के छात्र-छात्रा रहे, वहीं तृतीय स्थान पर उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर, राजलदेसर के छात्र-छात्रा रहे। विजेताओं को दुपट्टा ओढ़ाकर मोमेंटो



शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही पूर्व में आयोजित रामचरितमानस शब्द ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता मनोज चारण, ओम् मनोहर स्वामी व मंजुला चाकलान को नकद राशि, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में निर्णायक अर्चना शर्मा, किरण शर्मा व उदित नारायण पारीक की सक्रिय भूमिका रही। वित्त सचिव शैलेश कुमार शर्मा ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा,पवन महर्षि,मदन सिंह फ्रांसा, राजेंद्र सिंह बिदावत,एड जयाकांत बिंवाल,बनवारी लाल जांगिड़, महेश सांखोलिया, अशोक वर्मा, मोहम्मद अनवर कुरैशी, दीपक निर्बाण, गोपाल हारित, हिमांशु मालपुरिया, जगदीश प्रसाद शर्मा,वंदना शर्मा सहित अनेक परिषद् सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम संचालन राकेश नायक ने किया।

### रात्रि जागरण आयोजित

**चूरू, (कासं)।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोड़ नंबर चार पर महाकाली धाम सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को महाकाली का रात्रि जागरण आयोजित किया गया। जागरण में रतनगढ़ के गायक कलाकार कपिल शान एण्ड पार्टी ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत् पूजा अर्चना करवायी। संस्था अध्यक्ष पुष्प दत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाकाली की दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कलाकारों ने चौसठ जोगनी काली कंकाली मैया, समय को भरोसो कोनी कद पलटी मार ज्याव, रामसा पीर लगन तुमसे लगा बैठे सहित अनेक मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं से खूब वाहवाही लूटी। इससे पूर्व कपिल शान एंड पार्टी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम में महाकाली की श्रद्धा का आलम यह था कि यहां पैर रखने तक की भी जगह नहीं थी। इस दौरान सजाई गई महाकाली की भव्य झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर तेजपाल गुप्त, रोहित गुप्ता, कमल शर्मा, सोनू आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड के खिलाफ पुलिस हुई सख्त

पाटन, (निसं)। ओवरलोड के खिलाफ पुलिस प्रशासन को बार बार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हेतु नीमकाथाना बाईपास पर नाकाबंदी लगाकर कार्रवाई शुरू की। पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि ओवरलोड के खिलाफ आए दिन शिकायतें मिलती रहती है इसको लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया।

उच्च अधिकारियों के आदेशों की पालना में नीमकाथाना बाईपास पर नाकाबंदी लगाकर कार्रवाई शुरू की गई, परंतु ओवरलोड वाहन मालिकों को इसकी जानकारी मिलने पर अपने वाहनों को नीमकाथाना रोड पर बने होटलों पर अपने ओवरलोड वाहनों को खड़ा कर दिया, जिस कारण अधिकांश ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी। गौरतलब है कि नीमकाथाना रोड पर अधिकांश ढाबे खातेदारी भूमि में बने हुए है जो नियम विरुद्ध है, क्योंकि ऐसे ढाबों पर ओवरलोड वाहन खड़े नहीं हो सकते, अगर प्रशासनिक अधिकारी इनके खिलाफ कार्यवाही शुरू करें तो बहुत सारे ढाबे या तो बंद हो सकते है या सीज किए जा सकते हैं।क्योंकि अधिकांश ढाबे खातेदारी भूमि में बने हुए हैं जिनका भूमि रूपांतरण भी नहीं किया गया है। ऐसे ढाबे कॉमर्शियल एक्ट में कार्य कर रहे है जो नियम विरुद्ध है। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अगर परिवहन विभाग और सरकार सख्त कदम उठाए तो क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई हो सकती है, दूसरी तरफ अगर खनिज विभाग क्रेशर मालिकों को और खदान मालिकों को पाबंद कर दे, की किसी भी वाहन में क्षमता से अधिक माल नहीं दिया जाए तो स्वत ही ओवरलोड बंद हो सकता है। क्षेत्र में परिवहन विभाग के द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण ओवरलोड वाहनों का आवागमन बहुत अधिक बढ गया है, ऐसे में आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ओवरलोड वाहनों से पहले भी कई दुर्घटनाएं घट चुकी है, उसके बावजूद भी प्रशासन एवं सरकार ठोस कदम नहीं उठा रही है,जिसके चलते ही ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से स्टेट हाईवे 37 बी पर दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं। इन ओवरलोड वाहनों के कारण नीमकाथाना से कोटपूतली की स्टेट हाईवे सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी है, क्योंकि इन ओवरलोड वाहनों में 80 से 100 टन तक का वजन होता है, जबकि सड़क की डेंसिटी 50 टन से अधिक नहीं है। ऐसे में स्टेट हाईवे सड़क जगह-जगह से टूट कर बिखर चुकी है। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ जब पुलिस की कार्रवाई शुरू होती है तो ओवरलोड वाहन मालिक भी घबरा जाते हैं और अपने वाहनों को रोड के साइड में खड़ा कर देते हैं। जब पुलिस नाकाबंदी कर वापस थाने में पहुंच जाती है उसके बाद ओवरलोड चलना शुरू हो जाते हैं। थानाधिकारी ने यह भी बताया थाने के सामने रोड क्षितठास्त होने के कारण ओवरलोड वाहनों को थाने के सामने खड़ा भी नहीं कर सकते, अगर कहीं दूसरी जगह वाहनों को खड़ा करते हैं तो खड़ी गाड़ियों में से भी डीजल चोरी जैसी शिकायतें मिलती है, ऐसे में स्थाई जगह होना भी बहुत जरूरी है।

# फूले दंपति मूर्ति अनावरण को लेकर किया जनसम्पर्क

**चूरू, (कासं)।** श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था ;सैनी समाज, चूरू में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं संस्था में स्थापित फूले दंपति मूर्ति अनावरण रविवार को चंचल नाथ टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

इस दौरान भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों व संस्था के माध्यम से बैंकों और अन्य राजकीय सेवाओं में नियुक्त होने वाले छात्र.छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर तैयारियां परवान पर है। इसी क्रम में संस्था के पदाधिकारी गांव.गांव ढ़ाणी.ढ़ाणी में इसका प्रचार.प्रसार और बैठक कर समाज बंधुओं को कार्यक्रम में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को देपालसर, श्योपुरा, ढ़ाणी लालसिंह पुरा, थैलासर, ऊंटवालिया व खासोली व प्रतिभा नगर स्थित सैनी धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था अध्यक्ष चंद्रमोहन सैनी, पूर्व अध्यक्ष ओंकारमल सैनी, पूर्व सचिव गिरधारीलाल तंवर, सचिव चानणमल सैनी, सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष विनोद पापटान, संस्थान कोषाध्यक्ष श्योकरण सैनी, संस्था कोषाध्यक्ष सांवरमल तंवर, विक्रम सिंगोदिया आदि ने समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने का आव्हान किया। बैठक की अध्यक्षता शंकरलाल पापटान ने की।

### छात्राओं को टेबलेट बांटी

**चूरू,(कासं)।** शहीद नायब सूबेदार प्रभु सिंह राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय रामपुरा बास में बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही छात्रा अनुषा थाकन और मिताली को टेबलेट वितरित किए गए। प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी ने बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह टेबलेट छात्राओं के अध्ययन में उपयोगी साबित होगा। विद्यालय के छात्र दयानन्द महला को संभाग स्तरीय संस्कृत वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम मिलने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद कुंभ सिंह राठौड़ ने की। राठौड़ ने विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# रामलीला के तीसरे दिन ताड़का वध का हुआ मंचन

**राजलदेसर, (कासं)।** कस्बे में वीर हनुमान सेवा समिति लाल कुआं व कस्बेवासियों के सहयोग से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है ।

शनिवार को रामलीला के तीसरे दिन रामलीला का मंचन आरती से शुरू हुआ। आरती के बाद रामलीला में ताड़का वध लीला का मंचन हुआ। ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ से उनके दो पुत्र राम लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षार्थ करने के लिए अपने साथ ले जाते हैं ऋषि मुनि की रक्षा के लिए भगवान राम व लक्ष्मण खड़े रहते हैं। तभी दंडक वन में भगवान श्रीराम

- **रामलीला में नागौर मारोठ के कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है अभिनय**

और राक्षसी ताड़का के बीच युद्ध होता है। जिसमें मारीच व सुबाहु की बहन राक्षसी ताड़का का भगवान श्रीराम वध कर देते हैं। सभी ऋषि मुनि प्रसन्न हो जाते हैं। जिसके बाद ताड़का के दोनों भाई मारीच और सुबाहु के साथ भगवान श्रीराम का युद्ध होता है। इस युद्ध में भगवान श्रीराम का बाण लगने से मारीच सौ योजन दूर जाकर गिरता है तथा सुबाहु मृत्यु को प्राप्त



राजलदेसर में चल रही राम लीला में भगवान श्रीराम ने ताड़का वध किया।

होता है। संजीव मंचन देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे । रामलीला के मंचन के दौरान ताड़का का वध देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और ताड़का के वध का दृश्य को देखकर पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। नागौर मारोठ के कलाकारों द्वारा ताड़का वध की लीला का सुंदर मंचन किया गया जैसे ही ताड़का अपने रूप में स्टेज पहुँची तो ताड़का को देखकर बच्चे एक बार डर गए एवं खड़े हो गए । इस अवसर पर पार्षद जयचंद महावर, एडवोकेट राजेंद्र सैनी, कुन्दन माली, विनोद शर्मा, मुकेश देवड़ा, नथमल सैनी, राजेन्द्र महावर, देव किशन सुथार, राधेश्याम पारीक, मोहनलाल महावर, पार्षद शीतल खडोलिया सहित सैकड़ो की संख्या में कस्बे के महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ने की छात्राओं की आंखों की जांच

**चूरू, (कासं)।** लायंस क्लब की ओर से चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को बजाज आई हॉस्पिटल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह प्रभारी लायन ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि बजाज आई हॉस्पिटल में राजकीय पुत्री पाठशाला की छात्राओं की नेत्रों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जिन छात्राओं की आँखों की दृष्टि कमजोर है। उन्हें क्लब द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यो के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **1. कार्य का नाम :** Tender No. ELCJP CUR-RTGH-T15-24-25 चूरू-रतनगढ़ खंड के दोहरीकरण के संबंध में रिले रूम, टेली- इक्विपमेंट (ओएफसी) रूम, ऑटो हट और एसएम कार्यालयों का एयर कंडीशनिंग कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत :** Rs.7650189.00 **3. बयाना राशि जो जमा करनी है :** Rs. 153000.00 **4. कार्य पूर्ण होने की तिथि :** 06 Months **5. निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय :** 29.10.2024 Upto 15.00 Hrs. 29.10.2024 at 15.30 Hrs. 6. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता : www.ireps.gov.in 1154-CR/24

हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें



**कार्यालय ग्राम पंचायत न्यांगल छोटी पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/96 दिनांकः-12.09.2024

**ई-निविदा सूचना 03/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.nic.in पर दिनांक 18.09.2024 प्रातः 10.00 बजे से 09.10.2024 को सांय 6.00 तक देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। दिनांक 10.10.2024 को सांय 05.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 03/2024-25
NIB No-ZCR2425A0463
UBN No-1. ZCR2425WSOB00950
2.ZCR2425WSOB00951

सावित्री
सरपंच
ग्राम पंचायत न्यांगल छोटी
पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)



**कार्यालय ग्राम पंचायत मोडावासी पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/65-68 दिनांकः-27.09.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.nic.in पर दिनांक 30.09.2024 प्रातः 10.00 बजे से 14.10.2024 को सांय 6.00 तक देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। दिनांक 15.10.2024 को सांय 05.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 02/2024-25
NIB No-ZCR2425A0461
UBN No-1. ZCR2425WSOB00941
2.ZCR2425WSOB00942
3.ZCR2425WSOB00943

| | |
|---|---|
| पूजा मीणा | रेशमा |
| ग्राम विकास अधिकारी | सरपंच |
| ग्राम पंचायत मोडावासी | ग्राम पंचायत मोडवासी |
| पंचायत समिति राजगढ़ | पंचायत समिति राजगढ़ |



**कार्यालय ग्राम पंचायत ढिगारला पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/40-42 दिनांकः-01.10.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.nic.in पर दिनांक 04.10.2024 प्रातः 10.00 बजे से 14.10.2024 को सांय 6.00 तक देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। दिनांक 15.10.2024 को सांय 05.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 02/2024-25
NIB No-ZCR2425A0464
UBN No-1. ZCR2425WSOB00952
2.ZCR2425WSOB00953
3.ZCR2425WSOB00954

| | |
|---|---|
| | इंदूबाला |
| ग्राम विकास अधिकारी | सरपंच |
| ग्राम पंचायत ढिगारला | ग्राम पंचायत ढिगारला |
| पंचायत समिति राजगढ़ | पंचायत समिति राजगढ़ |



**कार्यालय ग्राम पंचायत मोडावासी पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/69-72 दिनांकः-30.09.2024

**ई-निविदा सूचना 03/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 09.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन 02.00 बजे तक प्राप्त कर सांय 04.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 03/2024-25
NIB No-ZCR2425A0462
UBN No- 1. ZCR2425WSOB00944
2.ZCR2425WSOB00945
3.ZCR2425WSOB00946
4.ZCR2425WSOB00947
5.ZCR2425WSOB00948
6.ZCR2425WSOB00949

| | |
|---|---|
| पूजा मीणा | रेशमा |
| ग्राम विकास अधिकारी | सरपंच |
| ग्राम पंचायत मोडावासी | ग्राम पंचायत मोडवासी |
| पंचायत समिति राजगढ़ | पंचायत समिति राजगढ़ |